

## एक नजर

### नर्मदा जयंती के लिये मुख्यमंत्री को आमंत्रण

**इटारसी।** नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर नर्मदापुरम में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रमों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आधिकारिक आमंत्रण सौंपा गया। मंगलवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे और अनुराग तिवारी ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित होने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए उपस्थित होने का आश्वासन दिया है।

### श्री चौधरी ने पदभार ग्रहण किया

**इटारसी।** रेल प्रशासन ने इटारसी जंक्शन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। वरिष्ठ रेल अधिकारी विनोद कुमार चौधरी ने इटारसी जंक्शन के स्टेशन प्रबंधक के रूप में और चीफ यार्ड मास्टर दिवाकर कुमार ने नया पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्हें इटारसी जंक्शन का नया मुख्य यार्ड मास्टर नियुक्त किया गया है। इन नई नियुक्तियों से परिचालन और यात्री सुविधाओं में और अधिक सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है। दोनों अधिकारियों ने कर्तव्यनिष्ठा से सबके सहयोग से कार्य करने की बात कही है।

# अवैध उत्खनन को लेकर वाहन जप्त

## खनिज, पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यवाही में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं जेसीबी जप्त




**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/07,जनवरी,2026/**कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा इटारसी क्षेत्र से रेत खनिज के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 ट्रक/डंपर को जप्त कर पुलिस थाना रामपुर गुर्रा की अभिरक्षा में रखा गया। साथ ही ग्राम कोटलाखेड़ी, तहसील सिवनीमालवा से रेत खनिज के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली (बिना नंबर) को जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा की अभिरक्षा में रखा गया। इसके अतिरिक्त पलकमती नदी, सोहागपुर क्षेत्र से मिट्टी/बजरा खनिज के अवैध उत्खनन में प्रयुक्त 01 जेसीबी मशीन को जप्त कर पुलिस थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में रखा गया। इसी तरह ग्राम डांडीवाड़ा, तहसील इटारसी से गिट्टी खनिज के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 डंपर (क्रमांक ख्र04 ॥श्व 4308) को जप्त कर पुलिस थाना केसला की अभिरक्षा में रखा गया। वहीं ग्राम पांजरा, तहसील नर्मदापुरम से रेत खनिज के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली (बिना नंबर) को भी जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में श्री नीलेश शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी, श्री दिवेश मरकाम, जिला खनिज अधिकारी नर्मदापुरम, श्रीमती पिंकी चौहान, खनिज निरीक्षक नर्मदापुरम, श्री रंजीत चौहान, नायब तहसीलदार सोहागपुर, श्री कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्रभारी खनिज निरीक्षक एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। जप्त किए गए सभी वाहनों एवं मशीनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के अंतर्गत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



### खनिज माफिया पर बड़ी कार्रवाई – रात 1 बजे दी दबिश, जेसीबी और 4 ट्रैक्टर जब्त

**हरदा** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में खनिज विभाग ने बुधवार को सिराली तहसील के ग्राम खुदिया पिपलीया में रेत के अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बुधवार रात करीब 1 बजे सिराली नदी से रेत-बजरी की चोरी होने की सूचना खनिज प्रभारी निरीक्षक मनीषा तावड़े को दी। तावड़े ने टीम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम खुदिया पिपलीया के पास नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन करते हुए एक जेसीबी मशीन और कुछ ट्रैक्टर पाए गए। टीम ने मौके से 1 जेसीबी और 4 ट्रैक्टरों को जब्त किया। इन सभी वाहनों को सिराली थाना पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।




# इंजीनियर एवं कर्मचारियों ने स्वयं जल परीक्षण को समझा

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 07 जनवरी** क्षेत्र में जल प्रदूषण की पुनरावृत्ति को रोकने और नागरिकों तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रशासन ने एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यशाला में संभाग के समस्त नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपयंत्री और संबंधित तकनीकी कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान केवल किताबी जानकारी नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव पर जोर दिया। निकायों से आए इंजीनियरों और कर्मचारियों ने स्वयं अपने हाथों से जल परीक्षण की प्रक्रियाओं को संपन्न किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से तीन स्तरों पर जानकारी दी गई। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यपालन यंत्री सचिन कडू एवं संयुक्त संचालक आरएस मंडलोई की उपस्थिति और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को परीक्षण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और विधियों की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल सिखाना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार लाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी निकायों को सख्त निर्देश दिए गए कि जलापूर्ति प्रणाली की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, जल गुणवत्ता परीक्षण को एक अनिवार्य दैनिक प्रक्रिया बनाया जाए, यदि किसी भी स्तर पर संदूषण की स्थिति पाई जाती है, तो बिना देरी किए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

# जन आंदोलन यात्रा में भाजपा पर तीखे प्रहार



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी. 07 जनवरी** आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, सर्वप्रथम ग्राम बांदरी पहुंचे जहां पहुंचकर उन्होंने रामानंद यादव जी के निवास स्थान पर कांग्रेस जनों से भेंट की इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, जिला कांग्रेस सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी, पूर्व पार्षद लखन राठौर, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार,सहित अजय पटेल गुड्डू भैया पटेल ने भी ग्राम बांदरी के कांग्रेस जनों से भेंट की, तत्पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे अपने साथियों सहित ग्राम माला पाठ पहुंच कर किसान जन आंदोलन यात्रा में शामिल हुए. इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष ग्राम खारडा में कुछ युवाओं द्वारा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की गई ।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए किसान भाइयों एवं ग्राम वासियों की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए.

### भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**माखननगर** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ,मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेड क्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस पर प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद जी के राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वस्तिक रावत बी.एस.सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान साहिल मेहरा बी.ए .प्रथम वर्ष,तृतीय स्थानराजाराम बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया.

# किसान कांग्रेस की जनआंदोलन यात्रा पहुंची नाहरकोला

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 07 जनवरी** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान के निर्देशानुसार जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के नेतृत्व में आदिवासी किसानो से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए निकाली जा रही जन आंदोलन यात्रा छीतापुरा से किसानों से संवाद कर नाहरकोला पहुंची। किसान जन आंदोलन यात्रा जन जागरण यात्रा सिवनी मालवा विधानसभा के केसला ब्लॉक के छीतापुरा, भोवदा रैयत, पिपरिया खुर्द, अमराई, बोरखेड़ा, मानाटेकर, कोहदा, लालपानी, भातना, रांझी से सिवनी मालवा ब्लॉक के नयागांव, केवलाझिर, नरी, मालापाट, नंदरवाड़ा, खल, खारदा, भमेडी और ग्राम नाहरकोला में पहुंची और किसानों से संवाद कर समस्या जानी। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने बताया कि यात्रा के दूसरे दिन छीतापुरा में किसानों से संवाद कर शुरुआत की गई जहां स्थानीय व किसानी समस्याओं पर चर्चा हुई और ग्राम नाहरकोला पहुंची जहां विश्राम हुआ। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी से पूरे प्रदेश के 55 जिलों में ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली जा रही है.



### तीन पुलिया के पास मिला युवती का शव

**इटारसी।** शहर के यार्ड रोड स्थित तीन पुलिया के पास मंगलवार रात एक युवती की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती का शव खून से लथपथ हालत में मिला है, जिसकी हत्या भारी पत्थर से सिर कुचलकर की गई है। इस जघन्य वारदात की खबर फैलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और इटारसी टीआई गौरव बुंदेला पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एस पी साईं कृष्णा थोटा ने बताया कि शाम को थाने में एक महिला की डैडबॉडी की सूचना थी, उसके सिर पर सीमेंट की बोरी मिली, जिसकी सीमेंट सूखकर पथरीली हो गई है।

सिर कुचला हुआ है। डॉग स्क्वॉड से सर्चिंग कराई है, एफ एस एल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। डेड बॉडी को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति ज्यादा साफ होगी।

हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया है। टी आई गौरव बुंदेला ने बताया कि युवती की उम्र करीब 20 वर्ष है। पुलिस मृतका की शिनाख्त करने के साथ-साथ यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवती यहाँ कैसे पहुँची और इस वारदात के पीछे किसका हाथ है। जांच जारी है.

# पुल की रॉड बाहर निकली, बड़ा हादसा होने की आशंका

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 07 जनवरी** सिवनी मालवा के प्रसिद्ध नर्मदा तट आंबलीघाट पर स्थित नर्मदा का पुल जो कि नर्मदापुरम जिले को सीहोर जिले से जोड़ता है। करोड़ों रुपए की लागत से बने पुल की हालत खराब।

यह पुल अब क्षतिग्रस्त होने लगा है। पुल के ऊपर सड़क पर जगह जगह लोहे की रॉड बाहर निकल रही है जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। आंबलीघाट पुल से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। यह मार्ग सिवनी मालवा से सलकनपुर होते हुए भोपाल को जोड़ता है, इस मार्ग से अनेकों ग्राम ओर शर जुड़े है जिसके कारण यहां भारी यातायात दबाव बना रहता है। ऐसे में पुल की खराब स्थिति आमजन के लिए खतरे की घंटी साबित हो रही है। ज्ञात हो कि आंबलीघाट पर स्थित नर्मदा के पुल का लोकार्पण 2 सितंबर 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। पीडब्ल्यूडी के सेतु निगम द्वारा निर्मित यह पुल 630 मीटर लंबा एवं 10 मीटर चौड़ा है, जिस पर लगभग 49.56 करोड़ रुपये की लागत आई थी। इस नर्मदा पुल की अब स्थिति यह है कि सड़क सतह से लोहे की रॉड बाहर निकलने के कारण यातायात करना बेहद जोखिम भरा हो गया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए पुल के पास रहने वाले लोगों ने बाहर निकली रॉड पर लाल कपड़ा बांधकर वाहन चालकों को चेतावनी देने का प्रयास किया है, लेकिन इसके बावजूद दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। अनेक राहगीरों और ग्रामीणों सहित ब्रिज के पास रहने वाले बुजुर्ग रामशंकर ने बताया कि करीब 20 से 25 दिन पहले पुल से लोहे की रॉड बाहर निकली थी। लगातार वाहनों की आवाजाही से वहां से गिट्टी भी निकलती जा रही है, जिससे पुल और कमजोर होता जा रहा है।



**इनका कहना है।**
मुझे अभी जानकारी मिली है। सम्बन्धित विभाग के हमारे जिले के एसडीओ को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया की यह भोपाल डिविजन के अंतर्गत आता है। उनको अवगत कराकर शीघ्र ही मरम्मत कार्रवाई की जायेगी। **एसडीएम विजय राय**

### कांग्रेस ने वार्डों में चौपाल लगाकर की चर्चा

**हरदा** शहर की मूलभूत समस्याओं के लिए बुधवार को वार्ड नंबर 1 जयप्रकाश नारायण वार्ड , वार्ड 2 चंद्रशेखर आजाद वार्ड और वार्ड नंबर 31 डॉ ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड में वार्ड वासियों के साथ चौपाल लगा कर चर्चा की । वार्ड वासियों ने अनेक समस्या बताई ना तो समय पर सफाई हो रही है ना समय पर पानी आ रहा है पानी भी गंदा आ रहा है बिजली विभाग द्वारा गरीबों को से जबरदस्ती वसूली की जा रही है वार्ड नंबर 2 चंद्रशेखर आजाद वार्ड में 26 दिसम्बर 2021 को भूमि पूजन किया था लेकिन आज तक सड़के नहीं है 2021 में 104 भूमि पूजन किए थे लेकिन आज तक सड़क नहीं बनी है केवल घोषणा की थी जनता से झूठे वादे किए थे ।

# कांग्रेसियों ने चौपाल के माध्यम से समस्याओं पर किया सीधा संवाद

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 07 जनवरी** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी किसान जन जागरण यात्रा के दूसरे दिन नर्मदापुरम जिले में यात्रा का उत्साह देखने को मिला। मंगलवार को यात्रा का शुभारंभ केसला ब्लॉक के ग्राम छीतापुरा से हुआ, जहां कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्थानीय किसानों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं पर सीधा संवाद किया। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने बताया कि यात्रा के दौरान किसानों से खाद-बीज की उपलब्धता, सिंचाई की समस्याओं और फसल के उचित दाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। यात्रा का उद्देश्य किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार तक उनकी आवाज पहुंचाना है। यात्रा का दूसरा दिन काफी सघन रहा, जो केसला ब्लॉक में छीतापुरा से शुरू होकर यात्रा भोवदा रैयत, पिपरिया खुर्द, अमराई, बोरखेड़ा, मानाटेकर, कोहदा, लालपानी, भातना और रांझी पहुंची और सिवनी मालवा ब्लॉक में नयागांव, केवलाझिर, नरी, मालापाट, नंदरवाड़ा, खल और खारदा होते हुए भमेड़ी पहुंची, जहां दूसरे दिन की यात्रा का विश्राम हुआ। यात्रा में महासचिव, मप्र कांग्रेस कमेटी, जिला अध्यक्ष, जनपद सदस्य, आदि उपस्थित रहे।

# महिला कांग्रेस ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि, निकाला कैंडल मार्च



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 07 जनवरी** मप्र महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी के निर्देश पर इटारसी महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री नेहा चावरे के द्वारा समस्त कांग्रेस जनों के साथ मिलकर इटारसी के स्थानीय जय स्तंभ चौक पर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे. कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिला कांग्रेस के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया और सभी ने नम आंखों से जयस्तंभ चौक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और 2 मिनट का मौन भी रखा जिसने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की , महिला कांग्रेस नेत्री नेहा चावरे से बात की तो उन्होंने बताया की भाजपा की भ्रष्ट नीति के चलते इंदौर में दूषित पानी पीकर कई लोगों की जान चली गई, वहां बहुत पीड़ा दायक स्थिति है पूरे प्रदेश सहित देश में सभी इस घटना से व्यथित है, हमारी प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के निर्देश पर पूरे मध्य प्रदेश में महिला कांग्रेस के द्वारा कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई.

**एडवेंचर** निशुल्क रॉक क्लाइम्बिंग से जुड़ी ट्रेनिंग देकर दे रहे आगे बढ़ने का मौका

# अनजान और गरीब बच्चों को माउंटेनियर बना रहे राकेश

**पर्वतारोही श्री धुर्वे स्कूलों में जाकर, बच्चों के घर पहुंचकर माता-पिता से सहमति लेते हैं और फिर सिखाते हैं**

**नवभारत न्यूज**
**पिपरिया/पचमढ़ी, 07 जनवरी** मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में अब साहसिक खेलों को नई दिशा मिलती दिख रही है, जहां पर्वतारोही राकेश धुर्वे बच्चों को निशुल्क रॉक क्लाइम्बिंग से जुड़ी ट्रेनिंग देकर उन्हें आगे बढ़ने का मौका दे रहे हैं।

यह पहल पचमढ़ी में एडवेंचर स्पोर्ट्स कल्चर को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। पचमढ़ी में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है—जहां बच्चों को नि:शुल्क रॉक क्लाइम्बिंग और माउंटेनियरिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। पचमढ़ी में साहसिक खेलों को प्रोत्साहन देने आगे आए माउंटेनियर राकेश धुर्वे—बच्चों को रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, लीड क्लाइम्बिंग और बोल्ड्रिंग की फ्री ट्रेनिंग ।पचमढ़ी के सतपुड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक क्लाइम्बिंग एंड माउंटेनियरिंग फाउंडेशन के डायरेक्टर और पर्वतारोही राकेश धुर्वे अब बच्चों में साहसिक खेल भावना जगाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। राकेश धुर्वे उन बच्चों तक पहुंच रहे हैं जो एडवेंचर स्पोर्ट्स के बारे में कम जानते हैं या संसाधनों के अभाव में ट्रेनिंग नहीं ले पाते। खास बात यह है कि वे स्कूलों में जाकर, जरूरत पड़ने पर बच्चों के घर पहुंचकर माता-पिता से सहमति लेते हैं और फिर बच्चों को रॉक क्राइम्बिंग, रैपलिंग, लीड क्लाइम्बिंग और बोल्ड्रिंग जैसी तकनीकों की बेसिक से एडवांस ट्रेनिंग नि:शुल्क देते हैं। पचमढ़ी जैसे पर्यटन स्थल पर साहसिक खेलों की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं और इसी कड़ी में रॉक क्लाइम्बिंग जैसे आयोजन भी क्षेत्र में एडवेंचर को आगे ले जा रहे हैं। राकेश धुर्वे की यह मुहिम निश्चित तौर पर बच्चों को नई पहचान देने के साथ-साथ पचमढ़ी को एडवेंचर स्पोर्ट्स मैप पर और मजबूत कर सकती है।



पर्वतारोही राकेश धुर्वे ने बताया कि मेरा प्रयास है कि पचमढ़ी से ऐसे अच्छे पर्वतारोही तैयार हों जो आगे चलकर प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पचमढ़ी का नाम रोशन कर सकें अगर एक प्रयास से किसी बच्चे का भविष्य बन सके, तो मेरी मेहनत सफल है। एक छोटे से गांव बारीआम से रहने वाला पर्वतारोही राकेश धुर्वे गांव गांव जाकर एवं नगरीय क्षेत्र के गरीब बच्चों को नि:शुल्क रॉक क्लाइंबिंग एवं आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग दे रहा है ऐसे पर्वतारोही को शासन स्तर पर सहयोग मिलना चाहिए।

# आतंक का पर्याय बने अपराधी का ग्राम में निकाला जुलूस

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 07 जनवरी** सिवनी मालवा तहसील के ग्राम नंदरवाड़ा में उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब रावण नाम के व्यक्ति द्वारा कई बेकसूर ग्रामीणों के साथ मारपीट की और लोगों से जबरन पैसे की उगाही की। इस घटना के बाद पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। ज्ञात हो कि इसी आरोपी के खिलाफ कुछ दिनों पहले पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए जुलूस निकाला गया था इसके बावजूद उसके हौसले बुलंद थे। पुलिस को लगातार मिल रही शिकायतों और ग्रामीणों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम नंदरवाड़ा में दबिश देकर रावण उर्फ सोयल पिता समीर शाह तथा आशु उर्फ टेंपू को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों का गांव में जुलूस निकाल सख्त संदेश दिया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 119(1), 351(3) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और पुलिस से ऐसे कुख्यात अपराधियों पर लगातार कठोर कदम उठाने की मांग की।

